March 2016

TODAY
EURASIA REIYUKAI

Year : 4, Vol. 33

www.eurasiareiyukai.com

Smile of the Month

महागुरु किमी कोतानी जी के प्रति प्रतिज्ञा समारोह संपन्न

यूराशिया रेयूकाई के आयोजन में महागुरु किमी कोतानी जी के प्रति प्रतिज्ञा समारोह ९ फरवरी २०१६ को यूराशिया रेयूकाई १५वीं शाखा के मुख्य भवन कौशलटार में आयोजित किया गया। इस समारोह में यूराशिया रेयूकाई की मिहाता, केन्जीचुकी मिहाता एवं सम्पूर्ण मिहाता शाखाओं की मिहाता विराजमान कराकर भव्य रूप में सम्पन्न किया गया। उक्त समारोह में यूराशिया रेयूकाई के संस्थापक अध्यक्ष जी द्वारा मार्गनिर्देशन प्रदान किया गया । और उक्त समारोह यूराशिया रेयूकाईकी सम्पूर्ण मिहाता शाखाओं एवं समाज विकास केन्द्रों और देशानुसार के कार्यालयों में महागुरु जी के प्रति प्रतिज्ञा समारोह संपन्न हुआ।

हमारे गुरु आन् र्यू ग्यो तोकु जेन् शी जी के पुण्यतिथि स्मरण समारोह संपन्न

सन् २०१६ फरवरी २४ को यूराशिया रेयूकाईकी सम्पूर्ण मिहाता शाखाओं एवं समाज विकास केन्द्रों और देशानुसार के कार्यालयों में हमारे गुरु आन् र्यू ग्यो तोकु जेन् शी जी के १२वां पुण्यतिथि स्मरण समारोह संम्पन्न हुआ।

मुमा एईको मासुनागा जी का पुण्यतिथि स्मरण समारोह

हमारी मुमा एईको मासुनागा जी का १७वां पुण्यतिथि स्मरण समारोह आगामी २५ मार्च २०१६ को सम्पूर्ण मिहाता शाखा एवं समाज विकास केन्द्रों में आयोजित किये जाने के कारण अपनी पहुंच के नजदीकी स्थान में सदस्यों के साथ-साथ सहभागी होकर मुमाजी के प्रति गुण लौटायें।

यूराशिया रेयूकाई की १५वीं एवं २२वीं शाखाओं में भव्य मिलन समारोह संपन्न

यूराशिया रेयूकाई १५वीं शाखा का भव्य मिलन समारोह २० फरवरी २०१६ को मुख्य भवन कौशलटार में संपन्न हुआ। उक्त समारोह में यूराशिया रेयूकाई के कार्यवाहक अध्यक्ष एवं शिक्षा विकास सिक्कोबु जिम्मेवारकर्ता (प्रभारी) श्री लाल कुमार श्रेष्ठ जी और मिहाता जिम्मेवार शिबुचो श्री प्रवीण कुमार गुरुंग जी ने मार्गनिर्देशन प्रदान किया। उसी प्रकार यूराशिया रेयूकाई २२वीं शाखा का भव्य मिलन समारोह २७ फरवरी २०१६ को मुख्य भवन बर्दघाट में सम्पन्न हुआ। उक्त समारोह में यूराशिया रेयूकाई के कार्यवाहक अध्यक्ष एवं शिक्षा विकास सिक्कोबु जिम्मेवारकर्ता (प्रभारी) श्री लाल कुमार श्रेष्ठ जी और मिहाता जिम्मेवार शिबुचो श्री भीम बहादुर गुरुंग जी ने मार्गनिर्देशन प्रदान किया शिबुचो श्री भिम बहादुर गुरुङज्यूले मार्गनिर्देशन प्रदान गर्नु भएको थियो।

यूराशिया रेयूकाई १५वीं शाखा

यूराशिया रेयूकाई २२वीं शाखा

प्राकृतिक वातावरण संरक्षण प्रशिक्षण

जलवायु परिवर्तन से उत्पन्न विकराल समस्या को किस प्रकार कम से कम किया जा सकता है, इस उद्देश्य से यूराशिया रेयूकाई की प्राकृतिक वातावरण संरक्षण समिति सानेपा के आयोजन में विगत ११ एवं १२ फरवरी २०१६ को दो दिवसीय प्राकृतिक वातावरण संरक्षण प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन यूराशिया रेयूकाई संस्थापक अध्यक्ष श्री युशुन मासुनागा जी द्वारा संपन्न हुआ। विश्व में जलवायु परिवर्तन की भयावह स्थिति दिखायी पड≠ रही है। इस पृथ्वी को बचाकर वातावरण संरक्षण करने की भावना लेकर कार्यान्वयन नहीं करने तक इसका संरक्षण नहीं किया जा सकता, ऐसा संस्थापक अध्यक्ष जी ने मार्गनिर्देशन प्रदान किया। यूराशिया रेयूकाई भारत और नेपाल के विभिन्न क्षेत्रों से ६२ जनों की सहभागीता में आयोजित उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में वायु एवम्, ध्वनि प्रदूषण के कारण उसके प्रभाव एवं समाधान के उपाय, कूडे-कचरों का व्यवस्थापन तथा उनका वर्गीकरण, वन-जंगलों के विनाश से वातावरण पर पडने वाले असर और उसके समाधान के उपाय, साथ ही भूकंप सम्बन्धी विशेषज्ञों द्वारा विभिन्न प्रकार की जानकारियां और उपाय बताये गये।

महिला हिंसा के विरुद्ध अंतरक्रिया कार्यक्रम

यूराशिया रेयूकाई समाज विकास केन्द्र सानेपा के तत्वावधान में महिला हिंसा के विरुद्ध सानेपा में एक दिवसीय अंतरक्रिया कार्यक्रम २० फरवरी २०१६ को संपन्न हुआ । यूराशिया रेयूकाई की विभिन्न शाखाओं से १८० जनों की सहभागीता वाले उक्त कार्यक्रम में नेपाल सरकार के उपसचिव महेश्वरी बिस्ट ने लैंगिक हिंसा तथा इसके निराकरण के बारे में प्रशिक्षण प्रदान किया। उक्त प्रशिक्षण के समापन समारोह में प्रमुख अतिथि के रूप में नेपाल सरकार के संघीय मामले तथा स्थानीय विकास राज्यमंत्री माननीय कुन्ती कुमारी शाही जी ने सहभागियों को प्रमाण-पत्र वितरण करते हुए यूराशिया रेयूकाई सामाजिक संस्था में अपने स्कूल जीवन से ही सदस्य होने की जानकारी देते हुए कहा कि यह संस्था व्यवहारिक शिक्षा सिखाती आ रही है और इस प्रशिक्षण से सहभागी अपनी सीखी गयी बातों को अपने घर-परिवार और समाज में लागू करने पर अच्छी समझ बना सकते हैं। साथ ही, महिला हिंसा के विरुद्ध स्वयं हम आगे आकर जब तक कार्यान्वयन नहीं करेंगे, तब तक इसका अन्त नही होगा। उन्होंने यूराशिया रेयूकाई द्वारा ऐसे प्रशिक्षणों का आयोजन कर समाज में परिवर्तन लाने की बातों को प्रशंसनीय उल्लेख किया।

नागरिक साफ-सफाई अभियान

यूराशिया रेयूकाई द्वारा प्रत्येक शनिवार को भारत एवं नेपाल देशों के विभिन्न क्षेत्रों में नागरिक साफ-सफाई अभियान अंतर्गत निरंतर नागरिकों के साथ मिलकर साफ-सफाई के कार्य करने का मौके प्राप्त किये जा रहे हैं। इसी क्रम में २७ फरवरी २०१६ के दिन यूराशिया रेयूकाई के नेतृत्व में नेपाल सरकार के पेयजल एवं साफ-सफाई मंत्री माननीय प्रेम बहादुर सिंह जी के मुख्य आतिथ्य में धोबीघाट से लेकर सानेपा हाइट तक साफ-सफाई कार्य करने का मौका प्राप्त हुआ। उक्त कार्यक्रम में यूराशिया रेयूकाई के सामाजिक क्रिया-कलापों में अग्रसर होकर कार्य करने को प्रशंसनीय बताते हुए आगामी दिनों में भी इसी प्रकार योजनाबद्ध तरीके से इसे निरंतरता दिये जाने की उम्मीद मंत्री ने जतायी।

सिलिगडी, भारत

सानेपा, नेपाल